## संजीव राव सेवानिवृत्त



**रतलाम।** वरिष्ठ लेखापाल श्री संजीव राव स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत 42 वर्ष की सेवा प्रदान करने के उपरांत अर्द्धवार्शिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. एम.एस. सागर द्वारा श्री संजीव राव को शाल, श्रीफल एवं उनके स्वत्वों के भुगतान का स्वीकृति पत्र प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया तथा उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## ईद के दिन भी संपत्तिकर व जलकर के काउंटर रहेंगे खुले

**रतलाम।** शासकीय अवकाश दिवसों में नागरिक संपत्तिकर व जलकर की राशि 31 मार्च तक सुविधापूर्वक करा सकें इस हेतु निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट ने शासकीय अवकाश दिवस 31 मार्च सोमवार ईद पर निगम के संपत्तिकर व जलकर काउंटर कार्यालयीन समय मे चालू रखने के निर्देश दिये है ताकि नागरिक शासकीय अवकाश दिवसों में संपत्तिकर व जलकर की राशि जमा करा सकें। नागरिक उक्त शासकीय अवकाश के दिवस में नगर निगम के संपत्तिकर व जलकर काउंटर पर संपत्तिकर व जलकर की राशि जमा कर सकते है।

## श्रीमती लीलादेवी त्रिवेदी के नेत्रदान से दो लोगों को मिला नया जीवन

**रतलाम।** सेवा और परोपकार की मिसाल कायम करते हुए, नागरवास निवासी स्वर्गीय कन्हैयालाल त्रिवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती लीलादेवी त्रिवेदी के निधन के उपरांत उनके नेत्रदान का पुनीत कार्य संपन्न किया गया। यह समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बना, जिससे दो व्यक्तियों को देखने की नई रोशनी प्राप्त होगी शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि में श्रीमती लीलादेवी त्रिवेदी के निधन होने पर प्रशांत व्यास, कुलदीप त्रिवेदी और लोकेश व्यास ने उनके पुत्र कैलाश, कुलदीप, मुकेश त्रिवेदी और अन्य परिजनों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। परिजनों की सहमति मिलते ही नेत्रम संस्था के द्वारा तुरंत गीता भवन न्यास के डॉ. जी. एल. ददरवाल को सूचित किया। सूचना मिलते ही डॉ. ददरवाल अपनी टीम के मोहनलाल राठौड़ और भावेश तलाच को लेकर बडनगर से रतलाम पहुंचे और सफलतापूर्वक नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की इस अवसर पर हेमंत मूणत, ओमप्रकाश अग्रवाल, भगवान ढलवानी और शलभ अग्रवाल प्रशान्त व्यास उपस्थित रहे और पूरे नेत्रदान अभियान में सहयोग दिया। नेत्रम संस्था ने त्रिवेदी परिवार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

## श्रमदान कर स्वच्छ व निर्मल बाबडी बनानें का संकल्प लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ हुआ



**रतलाम।** म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखण्ड रतलाम के आदर्श प्रस्फुटन ग्राम सेजावता में नवांकुर संस्था श्रेष्ठ निर्माण फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के युवाओं के द्वारा सैकडों वर्ष पुरानी जल धरोहर ग्राम सेजावता की बाबडी में श्रमदान कर स्वच्छ व निर्मल बाबडी का बनानें के संकल्प लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान में शासन द्वारा म.प्र. जन अभियान परिषद् को अभियान में जन सहभागिता, अभियान के महत्व को जन जन के बीच ले जाना, जल स्त्रोतों की जन सहभागिता से सफाई और संरक्षण करना आदि का कार्य सौंपा गया है। इसी के तहत आज ग्राम सेजावता की प्राचीन बाबडी का श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया है। यह अभियान 30 मार्च से 30 जून तक संचालित होगा।

## नव वर्ष पर श्री गुर्जर समाज युवा इकाई द्वारा हिंदू नव वर्ष तिलक समारोह आयोजित किया




**रतलाम।** गुर्जर समाज नगर एवं जिला रतलाम की सहभागिता वाले उक्त कार्यक्रम में श्री गुर्जर समाज युवा इकाई द्वारा रत्नेश्वर रोड चौराहे पर गुड़ी पड़वा हिंदू नव वर्ष प्रारंभ होने के उपलक्ष में हिंदू नव वर्ष तिलक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जय श्री राम का उद्घोष किया गया। युवा इकाई की महिला कार्यकर्ताओं द्वारा गुर्जर वीरांगना पन्नाधाय के चित्र पर पुष्प अर्पण किये। तत्पश्चात उपस्थित युवा इकाई सदस्यो द्वारा एक दूसरे को तिलक लगाकर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही मुंह मीठा करा करके सम्मान दिया युवा इकाई सदस्यो द्वारा रास्ते मे आने जाने वाले राहगीरो का भी तिलक लगा करके नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री गुर्जर समाज युवा इकाई अध्यक्ष मुरलीधर गुर्जर, रूपेश गुर्जर, भरत गुर्जर, राधेश्याम गुर्जर, किशन गुर्जर, मयंक गुर्जर, महिला इकाई से संगीता गुर्जर, शारदा गुर्जर के साथ-साथ बड़ी संख्या में युवा इकाई सदस्य उपस्थित रहे।

# चुनाव एक साथ होते तो डेढ़ लाख करोड़ खर्च होता और 5 लाख करोड रुपए बचते : पुष्यमित्र भार्गव

### कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा - हर वर्ग का विषय है, एक राष्ट्र-एक चुनाव

**रतलाम।**

एक राष्ट्र-एक चुनाव, विचार जिला समिति के तत्वावधान में एक राष्ट्र-एक चुनाव राष्ट्रव्यापी विचार परामर्श सम्मेलन का आयोजन जोधा बाग में हुआ। इसे मुख्य वक्ता के रूप में वन नेशन, वन इलेक्शन विचार समिति के प्रदेश सहसंयोजक इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने संबोधित किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, जिला महामंत्री एवं संयोजक निर्मल कटारिया मंचासीन रहे।

मुख्य वक्ता इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि देश में हमेशा चुनाव चलते रहते हैं, लेकिन चुनाव का महत्व हमें टीएन शेषन के चुनाव आयुक्त बनने पर पता चला। देश में 1952 में पहली बार लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हुए। वर्ष 1965-67 तक एक साथ चुनाव होते रहे हैं। वर्ष 1984 में अटल जी ने पहली बार देश में एक साथ चुनाव होने पर जोर दिया था। वर्ष 1990 में लॉ कमीशन ने भी यह बात कही थी। बीते 5 वर्ष के दौरान लोकसभा व सभी राज्यों के चुनाव में साढ़े छह लाख करोड़ रुपए खर्च हुए। यदि चुनाव एक साथ होते तो मात्र डेढ़ लाख करोड़ का खर्च होता और 5 लाख करोड रुपए बचते। देश के शिक्षा या स्वास्थ्य के किसी एक विभाग का पूरा बजट चुनाव में खर्च हो जाता है, इसलिए आज देश को इलेक्शन मोड़ से बाहर लाने की महती जरूरत है।श्री भार्गव ने कहा कि कई कारणों से एक देश-एक




चुनाव देशहित में है। यदि आप एक देश-एक चुनाव से सहमत हैं तो सभी लोग राष्ट्रपति जी के नाम एक देश एक चुनाव के समर्थन में पत्र लिखें। सभी लोग और समूह इस विषय पर चर्चा करें और पत्र लिखें। हर वर्ग में इस बारे में बात होगी, तभी यह देश का मुद्दा बनेगा। कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने इस मौके पर कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव का विषय हर वर्ग के लिए है। इसे समझना आज हमारे देश के लिए बहुत आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जो काम किया है देश हित में उसका समर्थन हर भारतीय को करना चाहिए। लोकतंत्र से संबंधित इस मुद्दे पर जन जागरण होना चाहिए। प्रधानमंत्री जी ने प्रदेश में बुद्धिजीवियों को राजनीति से जोडने का लक्ष्य दिया है। अच्छे बुद्धिजीवी जो अलग-अलग विषय में हुनर रखते हैं, उनका राजनीति में जुडना आवश्यक है। वन नेशन, वन इलेक्शन के रूप में हमारे बीच हमेशा चर्चा होती है और आज ऐसे गंभीर चिंतन के लिए ही रतलाम के सभी प्रबुद्धजन एकत्रित हुए हैं, जो लोकतंत्र की ताकत है। आरंभ में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने स्वागत भाषण देते हुए विषय प्रवर्तन किया। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव के विचार को पूरा करने के लिए देश भर में ऐसे आयोजन किए जा रहे हैं। आम लोगों को इससे जोड़कर एक बार में चुनाव के लिए जनमानस तैयार किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों से इस संबंध में पत्र लिखने का आव्हान किया। परिचर्चा में सीए गोपाल काकानी, समाजसेवी गोविन्द काकानी, सेवानिवृत्त डीएसपी भूपेन्द्र सिंह, शिक्षाविद् अरविन्द मिश्रा, व्यवसायी विशाल गांधी, डॉ. भरत शर्मा एवं दिनेश जैन ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन निर्मल कटारिया ने किया, आभार जिला टोली के सदस्य करण वशिष्ठ ने माना।

# मंत्री चेतन्य कश्यप का सम्मान समारोह संपन्न

**रतलाम।**

लघु उद्योग भारती रतलाम इकाई द्वारा बालाजी सेंट्रल सैलाना रोड पर मंत्री चेतन्य कश्यप का सम्मान समारोह संपन्न किया गया। कार्यक्रम की अतिथि महापौर प्रहलाद पटेल, लघु उद्योग भारती प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रांत अध्यक्ष राजेंद्र दुबे, प्रांत सचिव राजेश गर्ग व प्रदेश महिला प्रभारी श्रीमती सीमा मिश्रा एव इकाई जिला अध्यक्ष संजय व्यास, मालवा प्रांत मीडिया प्रभारीयुवा उद्योगपति संदीप सकलेचा ने बतलाया कि पूर्व में शासन की नीतियों के चलते एमएसएमई से जुड़े उद्योगों को चलाने में उद्योगपति को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। माननीय मंत्री जी के प्रयासों से नीतियों में संशोधन किया गया जिससे अब उद्योगों के संचालन में कठिनाई नहीं आएगी व उद्योगपतियों को राहत मिलेगी।

इकाई अध्यक्ष संजय व्यास जी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया प्रदेश




अध्यक्ष मिश्रा जी ने मंत्री जी द्वारा जो उद्योगों के हित से लघु उद्योग भारती के साथ मिलकर कार्य किया जा रहे हैं उसकी सराहना की व मंत्री जी के प्रयासों से जो सब्सिडी उद्योगों को मिल रही है अब वह सीधे उनके खाते में आएगी।

प्रांत अध्यक्ष राजेंद्र दुबे ने बताया कि लघु उद्योग भारतीय उद्योगों के हित में संपूर्ण राष्ट्र में कार्य कर रही है व मंत्री जी भी लगातार उद्योगों के हित में कार्य कर रहे हैं मंत्री जी वर्तमान में चल रही उद्योगों के हितों में नीतियों का उल्लेख किया हुआ। भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला उद्योग भारती की सराहना करते हुए कहा कि यह राष्ट्र का एकमात्र ऐसा संगठन है जो उद्योग हित के लिए कार्य कर रहा है और हम हमेशा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है। सबसे बड़ा क्लस्टर जुलवानिया बन रहा है ताकि बड़े उद्योग भी रतलाम में आ सके वह रोजगार की संभावना बड़े।

इकाई अध्यक्ष संजय व्यास, सचिव रोहित मालपानी, कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल सारडा, प्रांत सदस्य चंद्र प्रकाश आवतानी, महिला इकाई से सुमित्रा अवतानी, नमकीन क्लस्टर फूड एवं इंडस्ट्रियल अध्यक्ष धर्मेंद्र मारू, सचिव रिंकू कृष्णानी, वरिष्ठ उद्योगपति प्रवीण कटारिया, अरविंद कटारिया, अशोक पोरवाल, मुरली अवतानी, लघु उद्योग भारती के विजय धनोतिया, मनीष मूलचंदानी, आदित्य व्होरा, रघुवीर सोलंकी, अर्चित पोरवाल, आशीष अग्रवाल, अभिषेक मंत्री, कुंदन सोनी, निलेश बोरदिया, विश्वनाथ प्रताप सिंह, मोहित पगारिया, सचिन छाजेड, विजय महेश्वरी, चंद्र प्रकाश सारडा, राजेश रांका, वरुण पोरवाल, ललित पटवा सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। जैसे चार्टर्ड अकाउंटेंट, जीएसटी विभाग, डीआईसी विभाग, डॉक्टर, बैंकिंग आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन उद्योगपति शैलेंद्र सुरेखा ने किया तथा सचिव उद्योगपति रोहित मालपानी ने आभार माना।

## नवरात्रि के प्रथम दिन ब्रह्म मुहूर्त में महापौर पटेल, जिला प्रदीप उपाध्याय ने किया कालिका माता का सपत्नीक पूजन अर्चन




**रतलाम।** प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त में श्री कालिका माता की पूजन अर्चन जोड़ों से सपत्नी की गई। हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्रि की एकम् को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में श्री कालिका माता की पूजा अर्चना व आरती में पधारे प्रमुख भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय श्रीमती नीतू उपाध्याय, नगर महापौर प्रहलाद पटेल श्रीमती जानकी पटेल, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित पार्षद देव श्री पुरोहित, दिनेश वाघेला श्रीमती श्यामा वाघेला, बाबूलाल सिसोदिया श्रीमती शकुंतला सिसोदिया ने जोड़ों से पूजा की प्रमुख अतिथि में भाजपा क्षेत्रीय पार्षद राजेश माहेश्वरी उज्जवल माहेश्वरी, हीरालाल माली, विनोद बैरागी द्वारा सभी को मंदिर की प्रमुख पुजारी प्रकाश पुजारी आकाश पुजारी द्वारा तिलक लगाकर रक्षा सूत्र गया व हारफूल से स्वागत किया गया। अंत में मंदिर पर पधारे प्रमुख अतिथियों का स्वागत सुबह प्रतिदिन आरती में घड़ी घंटाल व नगर बजने वाले माता जी के परम भक्तों के प्रमुख दिनेश वाघेला ने कालिका माता का दुपट्टा पहनाया। महिला अतिथियो का सम्मान श्रीमती श्यामा वाघेला द्वारा माताजी की चुनरी उड़ाई गई पूजा अर्चना के पश्चात अंत में सभी अतिथियों को प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त जानकारी दिनेश वाघेला ने दी।

## लू से बचाव की एडवाइजरी जारी

**रतलाम।** भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृश्टिकोण के अनुसार जिले में मार्च से मई 2025 का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. एम.एस. सागर ने बताया कि लू के प्रमुख प्रभाव सूर्य दाह (सन बर्न), ताप के कारण शारीरिक ऐठन (हीट क्रेम्प), अत्यधिक थकावट एवं शारीरिक खिंचाव (हीट एक्जाशन) तथा ताप दाह (हीट स्ट्रोक) के रुप में परिलक्षित होते हैं। डा. सागर ने बताया कि लू से बचाव के लिए पानी, छाछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, केरी का पना इत्यादि का सेवन कर तरोताजा रहें। यथासंभव दोपहर 12 से 3 बजे के मध्य धूप मे निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, कपडे, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने से पूर्व पानी हमेशा साथ रखें, शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। सूती, ढीले तथा आरामदायक कपडे पहने, सिंथेटिक एवं गहरे रंग के कपडे पहनने से बचें। जानवरों को छाया में रखें और पीने का पर्याप्त पानी दे। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठण्डे पानी से शरीर को पोछें या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के सम्पर्क में आने के तुरन्त बाद स्नान नहीं करें। गरिष्ठ वसायुक्त ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें।

## बाबुस व फॉर यू ने जीता महापौर चैंपियंस ट्रॉफी का सेमीफायनल

**रतलाम।** नेहरू स्टेडियम (पोलोग्राउण्ड) में 22 से 30 मार्च तक आयोजित की जा रही महापौर चैंपियंस ट्रॉफी के आठवें दिन 29 मार्च को सेमी फायनल मुकाबले में बाबुस एन 81 व फॉर यू ने जीत हासिल की। जवाहर वर्सेस बाबुस एन 81 के बीच हुए सेमीफायनल मुकाबले में जवाहर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 60 रन बनाये स्कोर का पीछा करते हुए बाबुस एन 81 ने 4.4 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 62 रन बनाकर 9 विकेट से जीत हासिल की।

अम्बर वर्सेस फॉर यू के बीच हुए सेमीफायनल मुकाबले में अम्बर



ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 45 रन बनाये स्कोर का पीछा करते हुए फॉर यू ने 6.1 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 49 रन बनाकर 9 विकेट से जीत हासिल की। इ आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1.51 लाख व ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 71 हजार व ट्रॉफी, विशेष पुरस्कार मैन ऑफ द सिरीज 31 हजार व ट्रॉफी, बेस्ट बैट्समैन 11 हजार व ट्रॉफी, बेस्ट बॉलर 11 हजार व ट्रॉफी, बेस्ट फील्डर 5,100 व ट्रॉफी तथा मैन ऑफ द मैच 2,100 व ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जायेगा।

इस अवसर पर इंदौर महापौर पुष्य मित्र भार्गव, महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य अक्षय संघवी, भाजपा नेता उज्जवल जोशी, अल्पसंख्यक मोर्चा नेता इब्राहिम शैरानी, पार्षद श्रीमती मनीषा विजयसिंह चौहान, पूर्व पार्षद सुशील सिलावट, मोहम्मद सलीम मेव, थाना प्रभारी गौतमजी, डाबीजी, जयप्रकाशजी के अलावा राजेन्द्र पाटीदार, प्रमाराम पुनिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष लाला जाट आदि ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। अतिथियों का स्वागत निलेश पटेल, गोपाल जाट, राकेश मिश्रा, सोनू यादव ने पुष्पमाला व पुष्प गुच्छ से किया व प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

**पुलिस उतरी सड़कों पर : 12 नाबालिक वाहन चालकों के अभिभावकों के विरुद्ध 199ए एम वी एक्ट के तहत 25-25 हजार रुपए के चालान की कार्रवाई के लिए प्रकरण तैयार**

# धारदार हथियार लेकर घूमते हुए पकड़ा बदमाश को

### बिना वजह घूमने वाले 35 लोगों को जेल वाहन से ले गए थाने

**रतलाम।**

नाबालिग बच्चों के अपराधों में संलिप्त होने के मद्देनजर पुलिस अब सड़कों पर उतर गई है। शनिवार रविवार की रात को 350 वाहनों की चेकिंग की गई जिसमें से 12 वाहन चालक नाबालिक निकले।

उनके अभिभावकों के खिलाफ 25-25 हजार रुपए के चालान की कार्रवाई की जाएगी, वहीं बिना वजह घूमने वाले 35 लोगों को जेल वाहन से थाने ले गए और उन्हें समझाइश दी गई। इसके साथ ही धारदार हथियार लेकर घूमने वाले बदमाश को पुलिस ने पकड़ा है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर शहर के सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में प्रभावी गश्त/पेट्रोलिंग करने एवं अवैध गतिविधियों एवं आदतन बदमाशों पर नजर रखते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### पुलिस ने पकड़ा बेवजह घूमने वाले 35 लोगों को

इसी तारतम्य में रतलाम शहर के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शहर के सभी थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारी दल बल के साथ जेल वाहन लेकर क्षेत्र में भ्रमण किया गया। हिस्ट्रीशीटर, गुंडे, बदमाशों को चेक किया गया। गत रात्रि को थाना माणकचौक पुलिस द्वारा 35 बेवजह घूमने वाले लोगों को जेल वाहन से थाने पर लेकर आए, जिन्हें उचित समझाइश देकर रवाना किया।



### संदिग्ध वाहनों की चेकिंग में 12 निकले नाबालिग

शहर में अलग अलग जगह पर चैकिंग पॉइंट्स लगाकर संदिग्ध वाहनों को चेक किया गए। इस दौरान लगभग 350 वाहनों की चेकिंग की गई। 36 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कारवाई की गई। इस दौरान 12 नाबालिक वाहन चालकों के अभिभावकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 199 ए के अंतर्गत 25-25 हजार रुपए के चालान के लिए प्रकरण तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग के दौरान थाना स्टेशन रोड पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गत रात्रि में एक बदमाश को अवैध रूप से धारदार हथियार लेकर घूमते पकड़ा, जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।